Government of Western Australia
Department of Health Health Division
Public and Aboriginal

कक्षा 8 के लिए टीकाकरण कार्यक्रम – माता-पिता के लिए जानकारी

टीकाकरण क्यों महत्वपूर्ण है?

टीकाकरण लोगों को उन संक्रामक रोगों से बचाता है जिनसे गंभीर बीमारी, विकलांगता और मृत्यु होने का बहुत ख़तरा होता है। वैक्सीन प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया को सक्रिय करते है और यदि लोग पर्यावरण में फिर से बीमारी के संपर्क में आते हैं तो वे लोगों को उन बिमारियों से बचाते हैं।

वर्तमान में, ऑस्ट्रेलिया में उपलब्ध सभी टीकों को स्वीकृत किए जाने से पहले कड़ी सुरक्षा जाँच की जाती हैं। सुरक्षा और प्रभावशीलता के लिए टीकों की लगातार निगरानी की जाती है। टीका सुरक्षा और सामान्य और बिरले ही होने वाले दुष्परिणामों के बारे में और पढ़ें; healthywa.wa.gov.au/immunisation

कक्षा 8 में टीकाकरण कार्यक्रम

ऑस्ट्रेलिया में, कक्षा 8 के विदयार्थियों को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम के माध्यम से निम्नलिखित रोगों से बचाने के लिए नि:शुल्क टीके लगाए जाते हैं:

* डिफ्थीरिया
* टेटनस
* काली खाँसी (परट्यूसिस)
* ह्युमन पेपिलोमा वायरस (एच पी वी)

आप इन बीमारियों के बारे में और उनसे बचाव के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले टीकों के बारे मे healthywa.wa.gov.au/immunisation पर और अधिक पढ़ सकते हैं।

आपको क्या करने की आवश्यकता है

टीकाकरण के लिए यह सहमति पैक आपके बच्चे के कक्षा 8 स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से आपको प्रदान किया गया है। इस पैक में जानकारी और एक सहमति फ़ॉर्म है।
माता-पिता या अभिभावक के रूप में, आपको निम्न करने की आवश्यकता है:

* संलग्न सहमति फ़ॉर्म और वैक्सीन के बारे में तथ्य पत्र को ध्यान से पढ़ें, और healthywa.wa.gov. au/immunisation पर जाएँ या यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो अपनी स्कूल नर्स से संपर्क करें
* सहमति फ़ॉर्म में लाल या हरे रंग के बॉक्स को टिक करें, यह बताने के लिए कि आप कौन से टीकों के लिए सहमति दे रहे हैं, और जिसके लिए आप सहमति नहीं दे रहे हैं, फिर दिए गए स्थान पर हस्ताक्षर करें
* सहमति फ़ॉर्म में उन चिकित्सा समस्याओं के बारे में जानकारी दें जो टीकाकरण के प्रति आपके बच्चे की प्रतिक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं।
* फ़ॉर्म को पूरा भर कर स्कूल में दे दें, भले ही आप टीकाकरण के लिए मना कर रहे हों

यदि उन्हें और जानकारी की आवश्यकता होगी तो हो सकता कि नर्स आपसे संपर्क करे।

केवल हस्ताक्षर युक्त, व पूरे भरे फ़ॉर्म वाले छात्रों को टीका लगाया जाएगा।

अगर टीकाकरण के दिन आपके बच्चे को टीका नहीं लगाया गया है, तो आपको सूचित किया जाएगा, और वैकल्पिक टीकाकरण के लिए विकल्प सुझाए जाएंगे।

आपके बच्चे को टीके लगाए जाने से पहले

हल्की, सामान्य बीमारी, जैसे कि ज़ुकाम के साथ हल्के बुख़ार की वजह से टीकाकरण में देर नहीं की जानी चाहिए।
हालांकि कुछ मामलों में यह अनुशंसा की जाती है कि अंतर्निहित चिकित्सा संबंधी परिस्थितियों के कारण टीकाकरण को रोक दिया जाए या देर से किया जाए। टीकाकरण करने वाली अपनी नर्स या विद्यालय को बताएँ , यदि आपके बच्चे को निम्नलिखित है:

* पहले किए गए किसी टीकाकरण के बाद कोई गंभीर प्रतिक्रिया हुई है।
* ऐसी गंभीर एलर्जी का एक इतिहास है जिसमें टीकाकरण की अनुशंसा नहीं की जाती है।
* पिछले महीने के दौरान जीवित वैक्सीन (जैसे तपेदिक, ख़सरा, पीला बुख़ार) दिया गया है।
* पिछले तीन महीनों के दौरान इम्यूनोग्लोब्यलीन का इंजेक्शन लगाय गया था या पूरा रक्ताधान किया गया था।
* कोई ऐसी बीमारी है जो प्रतिरक्षा शक्ति को कम करती है, (जैसे ल्यूकेमिया, कैंसर, एचआईवी / एड्स) या उसका ऐसा उपचार किया जा रहा है जो प्रतिरक्षा शक्ति को कम करता है (उदाहरण: स्टेरॉयड दवाएँ जैसे कि हाइड्रोकार्टिसोन या प्रीडिनिसोलोन, रेडियोथेरेपी, कीमोथेरेपी)।
* किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहता है जिसे ऐसी बीमारी है जो प्रतिरक्षा शक्ति को कम करती है या जिसका ऐसा इलाज हो रहा है जो प्रतिरक्षा शक्ति को कम करता है
* प्रतिरक्षण का टीका लगने के समय अस्वस्थ है।

टीका लगने के बाद देखभाल

इंजेक्शन लगाए जाने के स्थान पर लाली आ सकती है या सूज़न हो सकती है - ठंडा, भीगा कपड़ा रखें।

उस जगह पर थोड़ा दर्द हो सकता है, बुख़ार, सिर दर्द हो सकते हैं या थकान हो सकती है। सिर दर्द और दु:खन के लिए पैरासिटामोल उसके लेबल पर लिखे निर्देश के अनुसार दें। यदि बुख़ार बना रहता है तो अपने चिकित्सक से मिलें।

वैक्सीनों के सामान्य व बिरले ही होने वाले दुष्परिणामों के बारे में अधिक जानकारी के लिए healthywa.wa.gov.au/immunisation पर देखें।

यदि आपको लगता है कि जो प्रतिक्रिया हुई है वह गंभीर है या अप्रत्याशित है तो तुरंत चिकित्सीय सलाह लें।

WA (डब्ल्यू ए) में टीकाकरण करने वालों को कानूनी तौर पर, टीका लगाने के बाद होने वाली प्रतिकूल प्रतिक्रिया की रिपोर्ट करनी होती है। माता-पिता भी टीकाकरण के बाद हुई किसी भी गंभीर प्रतिक्रिया के बारे में या तो wavvs.health.wa.gov.au पर ओनलाईन या सेंट्रल इम्यूनाइज़ेशन क्लीनिक को 9321 1312 पर फ़ोन करके रिपोर्ट कर सकते हैं।

टीकाकरण के रिकॉर्ड

टीकाकरण के बाद, छात्रों को उनके लगाए गए टीकों का एक रिकॉर्ड दिया जाएगा।

स्कूल आधारित कार्यक्रम के माध्यम से लगाए सभी टीकों के बारे में ऑस्ट्रेलियाई टीकाकरण रजिस्टर (ए आई आर) में रिकॉर्ड दर्ज किए जाते हैं।

इसके अलावा, एचपीवी टीकाकरण का रिकॉर्ड राष्ट्रीय एच पी वी रजिस्टर में दर्ज किया जाता है: hpvregister.org.au

संम्पर्क

सेंट्रल इम्यूनाइज़ेशन क्लीनिक

फ़ोन: 9321 1312 सप्ताह के दिनों में प्रात: 8.30–4.30 सांयकाल

आपका स्थानीय चिकित्सक

आपका स्थानीय कम्युनिटि हैल्थ सैंटर, हॉस्पीटल या पब्लिक हैल्थ यूनिट

healthywa.wa.gov.au/publichealthunits

हैल्थडायरेक्ट ऑस्ट्रेलिया

फ़ोन:1800 022 222

अधिक जानकारी

स्वास्थ्य विभाग

healthywa.wa.gov.au/immunisation

इम्यूनाइज़ ऑस्ट्रेलिया कार्यक्रम

1800 671 811 या immunise.health.gov.au

अनुरोध किए जाने पर यह दस्तावेज़ विकलांग व्यक्ति के लिए अन्य प्रारूपों में उपलब्ध कराया जा सकता है।

कम्युनिकेबल डिज़ीज़ कंट्रोल डायरेक्टोरेट द्वारा तैयार किया गया
© **स्वास्थ्य विभाग** 2017

इस सामग्री का कॉपीराइट पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य के अधिकार में है जब तक कि अन्यथा निर्दिष्ट नहीं किया गया है। निजी अध्ययन, अनुसंधान, आलोचना या समीक्षा के प्रयोजनों के उचित निष्पादन के अलावा कॉपीराइट अधिनियम 1968 के प्रावधानों के तहत पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया राज्य की लिखित अनुमति के बिना किसी भी अन्य उद्देश्य के लिए इसके किसी भी हिस्से को पुन प्रस्तुत या पुन: उपयोग नहीं किया जा सकता है।